राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल की रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रामदेव जयन्ती व तेजा दशमी (25सितम्बर) पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि लोक देवता रामदेवजी और तेजाजी का जीवन लोक कल्याण को समर्पित रहा है।

उन्होंने रामदेव जी और तेजाजी के बताए आदर्श मार्ग को अपनाते हुए दीन– दुखियों की सेवा और प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखते कार्य करने का आह्वान किया है।

———

# राज्यपाल का पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती पर संदेश

## सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर करें कार्य– राज्यपाल

जयपुर, 24 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती (25 सितम्बर) पर उन्हें स्मरण करते हुए श्रद्धा नमन किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने पंडित दीनदयाल जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करते हुए सभी से समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है।

———